नोट-4 संशोधित आय सीमा औद्योगिक कामगारों के लिए अक्तूबर, 1995 (तक) के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को मानती है । आय सीमा औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के साथ मिलाकर प्रत्येक दो वर्षों में एक बार संशोधित की जाती है ।

5. छात्रवृत्ति का मूल्य

छात्रवृत्ति के मूल्य में अनुरक्षण भत्ता, दृष्टिहीन छात्रों के लिए पाठक शुल्क, अनिवार्य व लौटाई जाने वाली फीस की प्रतिपूर्ति, शोध कार्य का टंकण/मुद्रण शुल्क तथा पाठ्यक्रम की दूरी अवधि के लिए पत्राचार पाठ्यक्रम द्वारा अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए पुस्तक भत्ता शामिल है । ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

(एक) अनुरक्षण भत्ता

| अध्ययन पाठ्यक्रम | छात्रावास में रहने वाले | भत्ते की दर दिवा-छात्र |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| समूह "क" चिकित्सा/इंजीनियरी, जिसमें भारतीय औषधि में डिग्री स्तर पाठ्यक्रम, बी.ए.एम.एंड एस तथा चिकित्सा आयुर्वेदिक, यूनानी/तिब्बिया तथा होम्योपैथिक प्रणाली में समतुल्य पाठ्यक्रम शामिल हैं । बी.एस.सी (कृषि/बी.वी.एस.सी./बी.एफ.एस.सी. (मात्स्यकी) कृषि एवं पशु चिकित्सा विज्ञान में उच्च तकनीकी और सभी व्यावसायिक अध्ययन जैसे डिग्री और पोस्ट-ग्रेजुएट पाठ्यक्रम । | 425 | 190 |
| समूह "ख" भारतीय चिकित्सा में डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम तथा आयुर्वेदिक, यूनानी/तिब्बिया तथा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में समकक्ष पाठ्यक्रम इंजीनियरी, प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, चिकित्सा में डिप्लोमा तथा समकक्ष पाठ्यक्रम मुद्रण प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम तथा ओवरसियर प्रारूपकार, सर्वेक्षक के लिए पाठ्यक्रम वाणिज्यिक विमान चालक लाइसेन्स, होटल प्रबन्ध, भोजन प्रबन्ध प्रौद्योगिकी तथा व्यावहारिक पोषण में डिप्लोमा तथा उच्चतर पाठ्यक्रम | 290 | 125 |

...6/-